SAMARTH BHARAT
समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सेवा हि परमो धर्मः

# समर्थ गाथा




## मासिक यात्रा
(सितम्बर 2025 )

हेल्प लाइन नंबर
8595887700
www.samarthbharat.net
contact@samarthbharat.com

Follow Us

# सारांश

सितंबर माह समर्थ भारत के लिए प्रगति, नवाचार और सशक्तिकरण का प्रतीक रहा। इस माह संगठन ने कौशल विकास, करियर उन्नति और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अनेक प्रभावशाली पहलें कीं। देशभर के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर एसी-फ्रिज रिपेयरिंग, ब्यूटीशियन, जीडीए, कारपेन्टर एवं अन्य कोर्सों के नए बैच आरंभ हुए, जिनमें सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक नामांकन किया। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।

शैक्षणिक मोर्चे पर, समर्थ भारत ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित कॉलेजों — जीसस एंड मैरी कॉलेज, शिवाजी कॉलेज, माता सुंदरी कॉलेज आदि के साथ मिलकर कैरियर डेवलपमेंट सेल (CDC) के माध्यम से युवाओं को भविष्य के रोजगार और उद्यमिता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। “Cyber Security & AI”, “My Career Choice”, “Seed Fund Accelerator Pitching Competition” और “Career in Forensic Science” जैसे कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्टअप और करियर अवसरों की दिशा में नई दृष्टि दी।

सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत, सभी केंद्रों पर नवरात्रि और विजयादशमी जैसे पर्वों को हर्षोल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया।

## परिचय

समर्थ भारत विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों और करियर विकास केंद्रों (सी. डी. सी.) के माध्यम से राष्ट्रीय विकास की एक व्यापक दृष्टि को साकार कर रहा है। कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर और हाशिये पर मौजूद समुदायों को आवश्यक कौशल प्रदान करके उन्हें सक्रिय कार्यबल में भागीदारी के लिए सशक्त बनाना है। यह प्रयास युवाओं में महत्वाकांक्षी मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में कौशल विकास की क्षमता को मजबूत करता है। इसके साथ ही, यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में करियर विकास केंद्र (सीडीसी) स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम की जटिलताओं को समझने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और ज्ञान प्रदान करते हैं। ये केंद्र छात्रों के समग्र विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं, जहाँ उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप से लेकर स्टार्टअप और नवाचार पहलों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है।

## कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

समर्थ भारत अपने कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से 12 विविध प्रशिक्षण मॉड्यूल्स के साथ हजारों युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पहल एक सकारात्मक वातावरण में प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है।

## कैरियर डेवलपमेंट सेन्टर (CDC)

दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से समर्थ भारत ने कैरियर डेवलपमेंट सेण्टर स्थापित किए हैं। ये सेंटर छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप की दुनिया में सफलता के लिए मार्गदर्शन, उद्योग विशेषज्ञों का परामर्श, और वेंचर कैपिटलिस्ट्स तक पहुंच प्रदान करते हैं।

# मासिक विकास यात्रा

## फॉरेंसिक साइंस में करियर संभावनाएँ | कार्यशाला





**स** मर्थ भारत के अंतर्गत तथा IQAC और  जीसस एंड मैरी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के सहयोग से "फॉरेंसिक साइंस में करियर अवसर" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन शर्लॉक इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस की व्यावहारिक उपयोगिता, आधुनिक तकनीकों, वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों एवं करियर मार्गदर्शन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सजीव संवाद, इंटरैक्टिव गतिविधियों और प्रेरणादायी चर्चा ने छात्रों को इस उभरते हुए क्षेत्र में नए अवसरों को पहचानने और भविष्य निर्माण हेतु दिशा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मेरा करियर चॉइस - वर्कशॉप





**क** रियर डेवलपमेंट सेल (CDC), माता सुंदरी महिला महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं उद्यमोद्या फाउंडेशन के संयुक्त निरीक्षण में समर्थ भारत के सहयोग से "मेरा करियर चॉइस" विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शोनल गुप्ता (संयोजक, समर्थ भारत) ने छात्राओं को अपने करियर के विभिन्न अवसरों की पहचान करने, आने वाली चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने और निरंतर व्यावसायिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यशाला छात्राओं के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हुई, जहाँ उन्हें करियर निर्माण, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और प्रेरणा प्राप्त हुई।

# मासिक विकास यात्रा

## सीड फंड एक्सेलरेटर पिचिंग प्रतियोगिता - शिवाजी कॉलेज






समर्थ भारत एवं शिवाजी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), उद्यमोदया समिति इनक्यूबेशन सेंटर, के सहयोग से Seed Fund Accelerator Pitching Competition का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो. वीरेन्द्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में युवा अन्वेषक ने अपने स्टार्टअप विचारों को जोश और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। हमारे माननीय निर्णायकगण – श्री शोनल गुप्ता (संयोजक, समर्थ भारत), प्रो. रविंदर, एवं श्री प्रवीण कपूर जी ने प्रतिभागियों को बहुमूल्य सुझावों और प्रेरक मार्गदर्शन से प्रोत्साहित किया। विजेता स्टार्टअप "उपास्ती" (एपीएस कंप्यूटर साइंस) को उनके उद्यमी सफर को आगे बढ़ाने हेतु सीड फंड प्रदान किया गया। वहीं, "कैपिलो" (बी.कॉम ऑनर्स) और "ग्रीन एनर्जी" (बी.ए. हिंदी ऑनर्स) को समर्थ भारत द्वारा मार्गदर्शन, प्रयोगशाला सुविधा एवं आवश्यक संसाधन प्रदान किए गए, ताकि उनके विचार सफल और प्रभावी उद्यम के रूप में विकसित हो सकें।

## साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेमिनार



समर्थ भारत एवं जीसस एंड मैरी कॉलेज के सहयोग से 24 सितम्बर "साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर एक प्रभावशाली सेमिनार का सफल आयोजन किया गया।इस अवसर पर 700+ छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सत्र ने विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी विकासों से परिचित कराया, साथ ही डिजिटल युग में सुरक्षा के महत्व को भी गहराई से समझाया। यह सेमिनार मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने, नवाचार की सोच को बढ़ावा देने और डिजिटल कौशल में दक्ष बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुई।

## पुल पहलादपुर ब्यूटी प्रशिक्षण केंद्र पर विशेष आगमन



समर्थ भारत एवं अवसर एजुकेशन के सहयोग से चल रहें पुल पहलादपुर, दिल्ली ब्यूटी प्रशिक्षण केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता श्री प्रदीप भंडारी जी का आगमन हुआ। श्री भंडारी जी ने कौशल विकास, जीएसटी के प्रभाव और रोज़गार के अवसरों पर प्रशिक्षकों व छात्राओं से संवाद किया। अंत में उन्होंने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और केंद्र की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# नए प्रशिक्षण केन्द्र और कोर्स की शुरुआत

## एसी, फ्रिज व होम अप्लायंसेस रिपेयर प्रशिक्षण – मोलरबंद एक्सटेंशन, बदरपुर



समर्थ भारत एवं अवसर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से मोलरबंद एक्सटेंशन, बदरपुरकेंद्र पर एसी, फ्रिज एवं होम अप्लायंसेस रिपेयर का दो माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह कक्षा प्रतिदिन शाम 06:30 बजे से 09:00 बजे तक संचालित होगी। इस अवसर पर एक विशेष पहल भी देखने को मिली। हाल ही में लेडी इरविन कॉलेज की छात्राओं ने समर्थ भारत के ब्यूटी एवं फैशन केंद्र का भ्रमण किया था। वहाँ उन्होंने जिज्ञासा व्यक्त की कि जब महिलाएँ हवाई जहाज़ उड़ा सकती हैं, तो वे तकनीकी क्षेत्रों जैसे एसी व आरओ रिपेयर कोर्स क्यों नहीं कर सकतीं? उनकी इस प्रेरणादायक सोच को ध्यान में रखते हुए छात्राओं से सहभागिता के लिए पूछा गया और परिणामस्वरूप 04 छात्राओं ने इस प्रशिक्षण में नामांकन किया। प्रशिक्षण के पहले ही दिन छात्राएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं, जो इस पहल को लैंगिक समानता और तकनीकी कौशल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बनाता है।

## रोहनिया, काशी में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ




## नजफगढ़, दुर्गा विहार में ब्यूटीशियन केंद्र का शुभारंभ







नजफगढ़ के दुर्गा विहार में नया ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किया गया। इस केंद्र की प्रशिक्षिका सुश्री नेहा जी हैं, जो पूर्व में रोशन विहार केंद्र का संचालन कर रही थीं। उद्घाटन अवसर पर माननीय श्री राकेश जी (प्रांत सह-संयोजक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 18 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। श्री राकेश जी ने बच्चों को संस्था के इतिहास और उद्देश्यों की जानकारी दी तथा बताया कि समर्थ भारत किस प्रकार युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर पूर्व बैच के प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



# नवरात्रि एवं विजयादशमी उत्सव

समर्थ भारत के सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर नवरात्रि और विजयादशमी का उत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों ने पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और भक्ति गीतों के माध्यम से माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की।कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सशक्त करना था, बल्कि प्रशिक्षार्थियों में एकता, सकारात्मकता और आत्मबल की भावना को भी जागृत करना था। समर्थ भारत परिवार ने इस उत्सव को संस्कार और सामूहिक उत्साह का प्रतीक बनाते हुए हर्षोल्लास से मनाया।
















# प्रशिक्षण की मुख्य बातें

SAMARTH BHARAT समर्थ भारत

## सितम्बर 2025 मे पूर्ण हुए बैच

| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पहाड़गंज | जी. डी. ऐ. | 08 |
| 2 | चुना भट्टी, कीर्ति नगर | कारपेन्टर | 12 |
| 3 | आचार्य निकेतन, मयूर विहार | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 12 |
| 4 | महाराजा अगरसेन कॉलेज, दिल्ली | ए. ई. प्रोम्पट इंजीनियरिंग | 28 |
| 5 | शिवाजी कॉलेज, दिल्ली | ए. ई. प्रोम्पट इंजीनियरिंग | 45 |
| 6 | SOL, दिल्ली विश्वविद्यालय | ए सी, रेफ्रीजरेटर रिपेयरिंग | 06 |
| 7 | SOL, दिल्ली विश्वविद्यालय | नेल आर्ट | 07 |
| 8 | पनवेल, मुम्बई | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 18 |

## सितम्बर 2025 मे चल रहे बैच

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्रो पर चल रहे बैच | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 1 | भाटी माइंस | ब्यूटिशियन | 25 |
| 2 | टैंक रोड, करोल बाग | ब्यूटिशियन | 20 |
| 3 | चुना भट्टी, कीर्ति नगर | कारपेंटर | 12 |
| 4 | मोलारबंद, नाहरगढ़ | ए सी, रेफ्रीजरेटर और आर ओ | 10 |
| 5 | पुल पहलादपुर - 1 | ब्यूटिशियन | 20 |
| 6 | पुल पहलादपुर - 2 | कटिंग एंड टेलरिंग | 12 |
| 7 | कालका जी | कटिंग एंड टेलरिंग | 06 |
| 8 | जमरुदपुर | कटिंग एंड टेलरिंग | 07 |
| 9 | संगम विहार | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 14 |
| 10 | बिजवासन, दिल्ली | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 18 |
| 11 | छावला, नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 13 |
| 12 | दुर्गा विहार, नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 17 |
| 13 | कृष्णा कालोनी, उत्तम नगर | ब्यूटिशियन | 15 |
| 14 | नांगलोई | ब्यूटिशियन | 17 |
| 15 | नरसिंह पुर (APML) | ट्रक रिपेयरिंग | 14 |
| अन्य राज्य | | | |
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 18 | शांति नगर, जयपुर | ब्यूटिशियन | 18 |
| 16 | गोमती नगर, लखनऊ | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 12 |
| 17 | नुह मेवात, हरियाणा | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 17 |
| 18 | रोहंनिया, काशी | ब्यूटिशियन | 13 |
| 19 | लुधियाना, पंजाब | जी. डी. ऐ. | 14 |
| दिल्ली कॉलेज केन्द्र | | | |
| 20 | गार्गी कॉलेज, दिल्ली | MS एक्सेल स्किल डेवलपमेंट | 35 |
| 21 | SOL, दिल्ली विश्वविद्यालय | ब्यूटिशियन | 06 |

# अक्टूबर 2025 में प्रारंभ होने वाले अपेक्षित बैच

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 1 | ओल्ड सीमापुरी | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ.<br>ब्यूटिशियन |
| 2 | खोडा कॉलोनी | |
| 3 | जैतपुर, दिल्ली | ब्यूटिशियन |
| 4 | संगम बिहार - 1 | ब्यूटिशियन |
| 5 | संगम विहार - 2 | बेकरी |
| 6 | भाटी माइंस - 1 | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 7 | बिजवासन | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 8 | रोशन विहार, नगरगढ़ | ब्यूटिशियन |
| 9 | रावत | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 10 | सागरपुर | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 11 | द्वारका | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 12 | टैंक रोड, करोल बाग | नेल आर्ट |

| दिल्ली कॉलेज केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 13 | कॉलेज ऑफ़ वोकेशनल स्टडीज | नेल आर्ट<br>बेकरी |
| 14 | दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज | Flutter |
| 15 | शहीद भगत सिंह कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 16 | श्री अरबिंदो कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 17 | दौलत राम कॉलेज | नेल आर्ट |

| दिल्ली एन.सी.आर. सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 18 | हेट्रिक, फरीदाबाद | कारपेन्टर |

| अन्य राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 19 | जवाहर नगर, जयपुर | ब्यूटिशियन |
| 20 | पनवेल, मुम्बई | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |

# SAMARTH BHARAT

## Career Development Academy



**समर्थ भारत (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) युवाओ को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पर केंद्रित एक संगठन है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से, हम लोगों को रोजगार के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।**

## COURSES & DURATION

| S.NO. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Beautician | BE | 3 Month | Female |
| 2 | Nail Art | NA | 1 Month | Female |
| 3 | Bakery | BA | 1 Month | Both |
| 4 | AC/Refrigerator | AR | 2 Month | Male |
| 5 | Home Appliance Technician | HA | 2 Month | Male |
| 6 | RO Repair | RO | 15 Days | Male |
| 7 | Hair Stylist | HS | 1 Month | Both |
| 8 | Plumber | PL | 1 Month | Male |
| 9 | Carpenter | CP | 1 Month | Male |
| 10 | Truck Repair Training | TR | 3 Month | Male |
| 11 | General Duty Assistant | GDA | 3 Month | Both |

| S.NO. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 12 | Cutting & Tailoring | CT | 3 Month | Female |
| 13 | Digital Marketing | DM | 60 hrs | Both |
| 14 | Flutter | FL | 60 hrs | Both |
| 15 | Prompt Engineering | PE | 60 hrs | Both |
| 16 | Python | PT | 60 hrs | Both |
| 17 | Video Editing | VE | 60 hrs | Both |
| 18 | GST & Tally | GT | 60 hrs | Both |
| 19 | Design Thinking | DT | 40 hrs | Both |
| 20 | Startup Bootcamp | SB | 16 hrs | Both |
| 21 | Employability & Personality Development Skills | ED | 40 hrs | Both |
| 22 | Skills to Scale - Develop Growth Mind - Set | DG | 40 hrs | Both |

## CENTERS

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| North East | Old Seemapuri | AR/HA |
| | Seelampur | AR |
| East | Mayur Vihar | AR/RO |
| | Shashi Garden | BE/NA/HS |
| | Maharaja Agrasen College | NA/PE/FL/DM |
| | S R College of Applied Science | NA |
| South | Maharani Bagh | BE |
| | Tughlakabad | AR/RO |
| | Kalka Ji | CT |
| | Zamrudhpur | CT |
| | Sri Aurobindo College | FL |
| | College of Vocational Studies | BA/NA |
| | Dayal Singh College | BA |
| | Deshbandhu College | PE |
| | PGDAV College (Evening) | PE/DT |
| | S B S College (Evening) | BA/NA/DM |
| | Pul Pehladpur | BE/CT |
| South West | Bhati Mines | BE/AR/RO |
| | Bijwasan | AR/RO |
| | Deoli | AR/RO |
| | Sangam Vihar | BA/AR |
| | Aryabhatta College | DT |
| | ARSD College | FL/VE/PE/ED |
| | Delhi College of Arts & Commerce | VE |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| West | Chawla, Nahargarh | BE |
| | Dwarka | AR |
| | Shikarpur | HS |
| | Sagarpur | DM |
| | Roshan Vihar, Nahargarh | DM |
| | Bhaskaracharya College | DT |
| | DDU College | DM/FL/NA |
| North West | Kirti Nagar | CP |
| | Bharti College | BA/NA |
| | Shivaji College | FL |
| Central Delhi | Paharganj | GDA |
| | Tank Road | BE/NA |
| | Daulat Ram College | BA |
| | Kirori Mal College | DT |
| | SOL DU (Keshavpuram) | BE/AR/RO/HA |
| | Hansraj College | PE |
| | IP College for women | DT |
| | Ramjas College | DM |
| | Zakir Husahain College | RO/DT |
| | Maitreyi College | NA |

| STATE | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| Delhi NCR | Dadri, Achheja | AR/RO |
| | Hettich-Faridabad | CP |
| | Narsinghpur (APML) | TR |
| | Nuh, Mewat | AR |
| | | |
| Punjab | Bawa Colony, Ludhiana | BE |
| | Surjit Nagar, Ludhiana | GDA |
| Rajasthan | Shanti Nagar, Jaipur | BE |
| | Jawahar Nagar, Jaipur | BE |
| | | |
| Maharashtra | Panvel, Mumbai | AR |
| | | |
| Uttar Pradesh | Gomati Nagar, Lucknow | AR |
| | Rohaniya, Kashi | BE |

For More Information
8595887700
www.samarthbharat.net

Scan for Registration

Follow Us
@samarthbharatofficial
@samarthbharatofficial
@wesamarthbharat
@samarthbharatofficial
@samarthbharat7812

# बदलाव के लिए साथ आयें

## हमारे कौशल विकास पहल का समर्थन करें

आपका सहयोग हमारे प्रशिक्षण को अधिक सुलभ बनाने और शिक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम बनाता है। आपके योगदान से हम अपनी सेवाओं का विस्तार, सुविधाओं में सुधार, छात्रवृत्तियों का आवंटन और नए पाठ्यक्रम विकसित कर पाते हैं। आइए, हम मिलकर चुनौतियों को दूर करें और नए अवसरों का निर्माण करें। आपकी उदारता स्थायी परिवर्तन लाने और एक कुशल व सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**दान के लिए स्कैन करें**

**बैंक का नाम: SBI**

**बैंक खाता: 40253998409**

**शाखा का नाम: केंद्रीय सचिवालय (00625)**

**IFSC: SBIN0000625**

## अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें

**शोनाल गुप्ता, संयोजक - +91-9811190016**
**राकेश कुमार, सह-संयोजक - +91-9312936894**
**ई-मेल :- contact@samarthbharat.net**
**वेबसाइट :- www.samarthbharat.net**

# समर्थ भारत